राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान जयपुर

कमांकः नर्सिंग/एनआरएचएम/09/276 दिनांकः— 9/7/09

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
समस्त अधीक्षक, संलग्न चिकित्सालय समूह,
समस्त प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडिकल कॉलेज

विषयः— एनआरएचएम योजना के तहत चयनित जीएनएम के मूल दस्तावेजों के संबंध में ।

—:—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि एनआरएचएम योजना के तहत चयनित जीएनएम द्वारा आपके कार्यालय में उपस्थिति प्रस्तुत किये जाने के समय अपने मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये गये थे । जो वर्तमान में आपके कार्यालय में ही उपलब्ध हैं । जिनमें से अधिकांश अभ्यर्थियों द्वारा ग्रामीण नर्स— श्रेणी द्वितीय के पद हेतु आवेदन किया हुआ है । जिनका साक्षात्कार दिनांक 13.7.09 से 4.8.09 तक लिया जाना है । साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का मिलान उनके द्वारा प्रस्तुत छाया प्रतियों से किया जाना है ।

अतः संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र प्रस्तुत किये जाने अथवा आप द्वारा इस आशय पर संतुष्ट होने पर संबंधित अभ्यर्थी से अण्डर टेकिंग लेकर साक्षात्कार हेतु तीन दिन के लिये मूल दस्तावेज संबंधित अभ्यर्थी को देवें तथा साक्षात्कार पश्चात मूल दस्तावेज वापस प्राप्त करें । यदि मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित संस्था को भिजवाये हुए हों तो मूल दस्तावेज आपके कार्यालय में जमा होने के संबंध में प्रमाण पत्र जारी करें ।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं
राज० जयपुर